an>

Title: Need to provide computerised reservation centre at Mandiyahu Railway Station on Allahabad − Jaunpur railway section in Uttar Pradesh.

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन मड़ियाहूं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

यह इलाहाबाद-जौनपुर पूर्वोत्तर रेल लाइन पर है। मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र न होने के कारण क्षेत्रीय जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है। मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन तहसील मुख्यालय से जुड़ा हुआ है, साथ ही साथ मड़ियाहूं एक व्यापारिक केन्द्र भी है। इसलिए यहां पर लोगों का बड़ी संख्या में आना-जाना होता है। यहां आरक्षण केन्द्र न होने के कारण लोगों को तहसील मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर जाकर टिकट आरक्षित करवानी पड़ती है। अतः मेरी आपसे मांग है कि मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र स्थापित करने की व्यवस्था करें।